हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026






# अंचल में भारी बारिश का अलर्ट, किसानों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मानसून की दस्तक के बाद भी अल्पवर्षा से परेशान अंचलवासियों को अब राहत मिल रही है। बंगाल में बने लो प्रेशर एरिया का असर अब अंचल में दिखने लगा है। इसके असर के चलते जहां बीते दो दिनों से बेहतर बारिश देखने को मिल रही है। वहीं अगले 5 दिनों तक कई इलाकों में बारिश का दौर जारी रहेगा। जिले को लेकर इसके लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। बेहतर बारिश की संभावना को देखते हुए अब किसानों को भी खेती में मदद मिलेगी।

मौसम विभाग द्वारा रविवार को प्रदेश के कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। इनमें राजनांदगांव जिला भी शामिल था। इसके अलावा सुकमा, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, बालोद, महासमुंद, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम और मुंगेली जिलों में भारी बारिश की संभावना के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में अगले 3 दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े नहीं होने तथा आकाशीय बिजली के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है। प्रशासन को भी संभावित भारी बारिश को देखते आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुधरने लगे बारिश के आंकड़े

रिकार्ड के अनुसार अब तीनों जिलों में बारिश के आंकड़े सुधरने लगे हैं। शनिवार तक जारी आंकड़े के अनुसार राजनांदगांव में 112 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य का 63 फीसदी है। वहीं केसीजी जिले में 110 मिमी जो सामान्य का 74 प्रतिशत है। ऐसे ही एमएमसी जिले में 57 फीसदी यानी 130 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। बारिश के बढ़ते ही तापमान में गिरावट देखने को मिली है, जिले का पारा 28 डिग्री पर पहुंच गया है।

फार्म हाउस भूमि बेचना हैं

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

– संपर्क करें –
9243901653












## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय मंत्री चौहान से सौजन्य मुलाकात



**डोंगरगांव।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर के उपाध्यक्ष और जिला भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन के ससुर राजकुमार जैन ने भोपाल प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान ने सौजन्य भेंट कर सामाजिक सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर उनके भाई और श्री चौहान के मीडिया सलाहकार अभिषेक जैन भी मौजूद थे।

### मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल में गत दिनों प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी छात्र छात्राओं को गुलाब जामुन खिलाते हुए उनका वेलकम किया गया। स्कूल प्रबंधन के वरिष्ठ गजानंद चौधरी ने छात्र छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाया। स्कूल संचालक तरूण चौधरी द्वारा छात्र छात्राओं से नियमित शाला आने कहा। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 8 में नवीन आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमित सिंह बन्नोवाना, महामंत्री विनय बंसल, अलका सहारे, रेखा राघवते की उपस्थिति मे किया गया। तत्कालीन पार्षद अलका जयेश सहारे ने अपने कार्यकाल में अधोसंरचना मद से 2023-24 में आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति दिलाई थी। पूर्व पार्षद श्रीमती सहारे की मांग पर और बच्चों की समस्याओं को देखते हुए पालिका अध्यक्ष ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का रिबन काटकर शुभारंभ किया है।

### रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का ब्लॉक स्तरीय शुभारंभ जनपद पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर बताया गया कि अब प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 125 दिनों तक मांग आधारित रोजगार की गारंटी दी जाएगी जिससे रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा लोगों की आय में वृद्धि होगी। ग्रामीण श्रमिकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 300 रुपए प्रतिदिन कर दी गई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, जिपं सदस्य अनिता मंडावी, सुरेश वर्मा, रामकुंवर कामड़े, अमर साहू, अजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### नेहरू कॉलेज में रोजगार मेला 8 को

**डोंगरगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव द्वारा आगामी 8 जुलाई को नेहरू महाविद्यालय के पुराने भवन में रोजगार मेले का आयोजन रखा है। रोजगार मेला मे विभिन्न निजी कंपनियों एवं संस्थाओं द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर जिला रोजगार कार्यालय की शुभी जग्गी, भामनी साहू, संजय कुमार भागवत एवं अनवर अहमद कुरैशी कालेज पहुंचे और विद्यार्थियों को रोजगार मेला की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में शामिल होने के लिए ई-रोजगार पोर्टल पर रोजगार पंजीयन कराना अनिवार्य है जिसे स्वयं ऑनलाइन किया जा सकता हैं। अभ्यर्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज लाना होगा।

### भाजपा से दिया त्यागपत्र



**डोंगरगढ़।** नकटी गांव के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता रविंद्र उइके ने बढ़ती महंगाई, कथित अत्याचार और जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह निर्णय व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को देखते हुए लिया है। उनका कहना है कि बढ़ती महंगाई, गरीब एवं किसानों की परेशानियां तथा लोगों के साथ हो रहे अन्याय ने उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि वह अब कांग्रेस के कार्यकर्ता के रूप में क्षेत्र के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए काम करेंगे।

### डोंगरगढ़ व एलबी नगर में एल्डरमैन नियुक्त

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार ने नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं नगर पंचायत लालबहादुर नगर में एल्डरमैन की नियुक्त की है। स्थानीय नगर पालिका में पांच एल्डरमैन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, जितेंद्र हिरवानी, सविता दरगढ़, पूजा नामदेव तथा लक्ष्मी यादव की नियुक्ति की गई है। नियुक्तियों में तीन महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया गया है। नवनियुक्त एल्डरमैन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ वर्तमान में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष हैं। महिला मोर्चा की पूर्व शहर अध्यक्ष सविता दरगढ़ को भी एल्डरमैन बनाया गया है। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व बृज नामदेव की पत्नी पूजा नामदेव एवं भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष लक्ष्मी यादव की भी नियुक्ति हुई है। इसी प्रकार नगर पंचायत लालबहादुर नगर में राजेंद्र तिवारी, धमतिन चंद्रवंशी और रेखाराम यादव को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं।

### बकायादार की दुकान सील

**डोंगरगांव।** नगर पालिका परिषद ने हाट बाजार की दुकान की लंबित प्रीमियम राशि जमा न करने पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में राजस्व टीम ने दुकान क्रमांक 22 को सील कर दिया। वहीं एक दुकानदार ने बकाया प्रीमियम राशि का 7 लाख का चेक जमा किया। उन्होंने सभी दुकानदारों से कर एवं प्रीमियम जमा करने की अपील की है।

## सालों तक सेवा करने के बाद रिटायर होने पर नहीं मिलता कोई लाभ

# कोटवारों ने दिया धरना, मांगा नियमित कर्मचारी का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

कोटवारों ने नियमित कर्मचारी का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगो को लेकर तहसील कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। वर्षों से काम करने वाले कोटवारों ने राजस्व विभाग में संविलियन करने की मांग रखी है। गुरूवार को तहसील के अपना काम छोड़कर धरना दिया।

आंदोलित कोटवारो का कहना था कि वह सालों से काम कर रहे है लेकिन उन्हे शासन से कुछ नही मिल रहा है। सरकार उन्हे नियमित कर्मचारी का दर्जा भी नहीं दे रही है। उनका जीविकोपार्जन करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि मृत्यु या सेवानिवृत्ति होने पर उन्हे कोई लाभ नहीं मिलता है। रिटायरमेंट के बाद नारकीय जीवन बिताना पड़ता है।

धरना में कोटवार संघ के तहसील अध्यक्ष पवन बंजारे, रामकुमार नांदेश्वर, पृथ्वीराज अंबादे, संजय गायकवाड, पदुम गजभिये, सेवाराम पाटिल, चतुरसिंह कोसे, नकुल जनबंधु, अंबा सुखदेवे, नारायणी बोदेले, कनक दामले, दिलीप मेश्राम, भुनेश्वर मरकाम, पियुश देवदास, राजेन्द्र सोरी सहित अन्य शामिल हुए।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हो पालन

धरना के दौरान कोटवारों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए सरकार को उसका पालन करने की मांग की। कोटवारो ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न राज्य सरकारो को अस्थाई रूप से 10 सालों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा देने का निर्देश दिया था। संघ ने इस निर्देश का हवाला देते हुए कोटवारो को नियमित कर्मचारी का दर्जा देने तथा राजस्व विभाग में संविलियन करने की मांग रखा है।

### सालों से उपेक्षा के शिकार



### जांच के बाद हो कार्रवाई

कोटवारो ने खुलासा किया कि कोटवारों के खिलाफ मिल रही झूठी शिकायत पर सीधे निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई किया जा रहा है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। कोटवार संघ की मांग है कि शिकायत की पहले जांच होनी चाहिए। आरोप सही मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने बेगारी प्रथा पर रोक लगाने तथा कोटवारो की नियुक्ति में कोटवार परिवार को प्राथमिकता देने की मांग की है।

### पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग

कोटवारों ने बताया कि वर्तमान में उन्हे सेवा भूमि के आधार पर पारिश्रमिक दिया जाता है जिससे गुजारा करना संभव नही है। उनका कहना था कि जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हे छह हजार के स्थान पर 15 हजार दिया जाए। जिसके पास तीन से साढे सात एकड सेवाभूमि है उन्हे 5500 के स्थान पर 12 हजार और साढे सात से दस एकड तक सेवा भूमि वालों को 10 हजार पारिश्रमिक दिया जाए।

### कोटवारों की मांग पूरी करें सरकार: विष्णु



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कोटवार संघ के आंदोलन में शामिल होकर उनकी मांगों को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कोटवार कम मानदेय, अस्थायी व्यवस्था तथा अन्य समस्याओं के बीच अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटवार संघ की सभी मांगे न्यायसंगत है जिसे पूरा करने की दिशा में सरकार को पहल करना चाहिए। उन्होंने कोटवारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनहित एवं कर्मचारी हित के मुद्दे पर सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि कोटवार संघ द्वारा प्रस्तुत मांगपत्र पर सकारात्मक निर्णय लेकर लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करे।

## भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित




**डोंगरगढ़।** भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक एवं पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्मदिन पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्याम रिसोर्ट में किया गया। वक्ता के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ,प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, सह प्रभारी किशन यदु, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा कि भाजपा देश में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। लगभग 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है जिसका श्रेय केवल कार्यकर्ताओं की मेहनत को जाता है। कार्यकर्ता ही पार्टी की वह मजबूत कड़ी है जो पूरी निष्ठा से बूथ स्तर पर काम करके सरकार बनाने में अहम योगदान देते हैं। शिविर में शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने स्वागत भाषण देते हुए शहर के विकास के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने कहा। इस दौरान तरुण लहरवानी, सुरेंद्रसिंह बन्नोवाना, हरविंदर सिंह मंगे, सुनील चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, मधुसूदन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, विजेंद्रसिंह ठाकुर, वीरेंद्र सोनी, सुषमा कोठारी, एसपी मिश्रा, अलका सहारे, तरुण हत्थेल, जसमीत सिंह बन्नोवाना, विनीत यादव, विनय बंसल, लक्ष्मी यादव, वत्सला श्रीवास्तव, नमिता चौबे, सविता दरगढ़, अनिता इंदुरकर, आकाशसिंह राजपूत, शुभम अग्रवाल, हिमांशु सेन, अखिलेश गड़ेवाल, देवेंद्र साखरे, रेखा राघवते, शारदा यादव, डी केश राव, अनीश निर्मलकर, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, बबीता मलागार, शिवांगी साखरे, भूपेंद्र मरकाम, पूजा नामदेव, जितेंद्र हिरवानी, अलंकृत शर्मा, रूपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहू, चितरंजन साहू, मुकुंद कंडरा, तरुण टेंबुरकर, अनिल लांजेवार, मयंक डोंगरे, महेश सहारे, आवेश निगम, शुभम परिहार, डिंपी महापात्र सहित अन्य मौजूद थे। अंत में आभार व्यक्त विनय बंसल ने किया।

## मुड़पार, पारागांव में रेत का अवैध भंडारण

■ शिकायत पर नहीं हो रही प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ग्राम मुड़पार, पारागांव खुर्द एवं पारागांव कला में बड़े पैमाने पर रेत भंडारण करने का शिकायत मिली है। लोगों का कहना है कि नदी से रेत निकालने वाले कुछ लोगों द्वारा बरसात के दिनों में अधिक कीमत पर बेचने के लिए विभिन्न स्थानों पर रेत का भंडारण किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम मुरमुंदा से मुड़पार मार्ग पर दोनों ओर बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया गया है। खुलेआम दिखाई देने के बाद भी राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने से लोगों में नाराजगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता और कथित मिलीभगत के कारण रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जिन लोगों ने रेत का भंडारण किया है, वह मौके पर लाल ईंटें रखकर इसे प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए रखी गई सामग्री बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि जांच या कार्रवाई से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित व्यक्तियों के पहले से पक्के मकान हैं, इसलिए इसकी जांच होना चाहिए।

### कार्रवाई की उम्मीद

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेंद्र यादव ने रेत, मुरूम उत्खनन, अवैध परिवहन तथा पेड़ों की अवैध कटाई के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि इस मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुड़पार, पारागांव खुर्द, पारागांव कला एवं आसपास के क्षेत्रों में किए गए रेत भंडारण की जांच कराने, अनुमति और दस्तावेजों का सत्यापन करने की मांग की है।

## स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने दिया डिवाइस



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विकासखंड संसाधन केंद्र में संपर्क फाउंडेशन ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अपडेटेड संपर्क डिवाइस का वितरण किया। यह डिवाइस विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित डिजिटल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस डिवाइस में पाठ्यक्रम के अनुरूप विषयवार ऑडियो, वीडियो, गतिविधियाँ एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध है, जिससे शिक्षक कक्षा में आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रभावी पढ़ाई करा सकेंगे। विद्यार्थियों की विषयवस्तु को समझने की क्षमता बढ़ेगी, सीखना अधिक रोचक बनेगा तथा कठिन अवधारणाओं को भी सरलता से समझाया जा सकेगा। विकासखंड स्रोत समन्वयक अरविंद रतनाकर ने कहा कि डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संपर्क फाउंडेशन के असिस्टेंट प्रोग्रामर आनंदा तिवारी एवं स्पार्क प्रीति देवांगन ने संकुल समन्वयकों को अपडेटेड संपर्क डिवाइस देते हुए उसके संचालन, उपयोग एवं रखरखाव की जानकारी दी।

### लगातार झुकते जा रहा बिजली खंभा



**खुज्जी।** स्थानीय विद्युत वितरण केंद्र से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर ग्राम बडभूम के मार्ग पर एक बिजली खंभा लगातार झुकते जा रहा है। इस आशय की जानकारी विभाग को ग्रामीणों दे चुके है किन्तु खंभे को सीधा करने की कोशिश विद्युत कंपनी द्वारा नहीं किया जा रहा है। हाल के दिनों में बारिश होने के बाद खंभा और ज्यादा झुक गया है। इस खंभे के गिरने से तीन चार खंभे उसकी चपेट में आ सकते हैं। ग्रामीणों ने मरम्मत कराने की मांग की है।

### महेश्वरी साहू का निधन

**डोंगरगढ़।** बुधवारीपारा निवासी महेश्वरी साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित अन्य सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है। वह चंद्रशेखर साहू की माता थी।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010
8839189302, 7777887992

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
...................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................. 2. पिता/पति का नाम..................................
3. जन्मतिथि......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो.........................तहसील.........................
जिला.............................
पिन कोड..................................मोबाईल नं. 1......................2......................व्हाट्सअप नं......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..................................
7. शैक्षणिक योगयता:-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पांडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्ट्रीट लाइट ढाई-तीन साल से बंद



**खड़गांव।** स्थानीय बस स्टैंड में लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट विगत ढाई-तीन वर्षों से बंद है, जिससे रात को अंधेरा पसरा रहता है। यात्रियों, नागरिकों और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाईट के बंद होने की शिकायत डायल 1076 में दर्ज कराई गई थी लेकिन संबंधितो ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह मामला उनके विभाग अंतर्गत नहीं है। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर स्ट्रीट लाइट बंद रहने से दुर्घटना और असुरक्षा की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बंद सोलर स्ट्रीट लाइट को जल्द चालू कराने की मांग की है।

### एसडीओपी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**साल्हेवारा।** गुरुवार को थाना दिवस का आयोजन स्थानीय थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसडीओपी ममता अली शर्मा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान थाना परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया । सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। थाना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने कानून-व्यवस्था, यातायात, साइबर अपराध सहित स्थानीय समस्याओं को एसडीओपी के समक्ष रखा। उन्होंने समस्याओं को सुनकर निराकरण करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुकेश मरावी, मोहित रजक, एसआई केके राय, एएसआई निर्मल, आरक्षक भुवन पोर्ते सहित अन्य मौजूद थे।

### राम मंदिर चढ़ावा मामले की सीबीआई जांच की मांग

**राजनांदगांव।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने इस पूरे मामले में केंद्र सरकार से उच्च स्तरीय सीबीआई जांच कराने की मांग की है। संगठन का कहना है कि इस घटना से देश-दुनिया के करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक सोनी ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्तमान में इस मामले की जो जांच चल रही है, वह बेहद शुरूआती और छोटे स्तर की है। इस महाघोटाले और चोरी के पीछे एक बड़ा नेटवर्क हो सकता है। जिसका पर्दाफाश होना बेहद जरूरी है। दीपक सोनी ने केंद्र सरकार से अपील करते कहा कि राम मंदिर पूरे विश्व के सनातनी हिंदुओं की अगाध श्रद्धा का केंद्र है। वहां के चढ़ावे में हेरफेर या चोरी की बात सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार को इस मामले को पूरी गंभीरता से अपने संज्ञान में लेना चाहिए। संगठन ने मांग की है कि सीबीआई जांच के जरिये इस बात का पता लगाया जाए कि इस पूरे घटनाक्रम में कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। दीपक सोनी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस मामले में शामिल हर छोटे-बड़े दोषी पर केंद्र सरकार ऐसी कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे, जो एक मिसाल बने, ताकि भविष्य में देश के किसी भी अन्य मंदिर में इस तरह की दुस्साहसपूर्ण घटना दोबारा न हो सके।

### 4 कैडेट्स सैन्य शिविर के लिए रवाना



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के एनसीसी यूनिट के चार कैडेट्स का चयन संयुक्त वार्षिक शिविर (130 ग्रुप टीएससी-1) के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह शिविर 2 से 12 जुलाई तक बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान चयनित कैडेट्स थल सैनिक कैंप (टीएससी) की तैयारी के अंतर्गत शूटिंग, उन्नत सैन्य प्रशिक्षण, उत्कृष्ट ड्रिल (परेड) तथा नेतृत्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। विद्यालय का मान बढ़ाने वाले चयनित एनसीसी कैडेट्स ओझल पटेल कक्षा 9वीं, हिमांशु साहू कक्षा 9वीं, पुष्कर साहू कक्षा 10वीं व सौरभ पोंडी कक्षा 10वीं शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य रेखा तिवारी ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। इसके साथ ही विद्यालय के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल एवं ऊहा अग्रवाल ने भी कैडेट्स की इस सफलता की सराहना करते उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय नेतृत्व ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। विद्यार्थियों का इस प्रतिष्ठित शिविर के लिए चयन पूरे विद्यालय और राजनांदगांव जिले के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चयनित कैडेट्स शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय एवं जिले के नाम को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## तहसीलदार ने खारिज की कृषि कार्य की अनुमति

# 71 साल पुराने निस्तार रिकॉर्ड के आधार पर तालाब बचाने का आदेश

## खसरा 135 व 136 का मूल स्वरूप बनाए रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम सिंगारपुर के एक रियासतकालीन तालाब और उससे लगी निस्तारी भूमि को लेकर चल रहे विवाद में तहसीलदार न्यायालय खैरागढ़ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। 22 जून 26 को पारित आदेश में न्यायालय ने खसरा नंबर 135 एवं 136 पर कृषि कार्य की अनुमति देने संबंधी आवेदन को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया है कि पुराने अभिलेखों में तालाब एवं निस्तारी भूमि के रूप में दर्ज भूमि का मूल स्वरूप परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

मामले की शुरुआत उस शिकायत से हुई थी जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि सालो पुराने तालाब व तालाब पार क्षेत्र को जेसीबी मशीनों के माध्यम से समतल कर कृषि उपयोग में लाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि यह क्षेत्र लंबे समय से ग्रामवासियों और मवेशियों के निस्तार के लिए उपयोग में आता रहा है तथा इसका स्वरूप बदलने से सार्वजनिक हित प्रभावित होगा। शिकायत बाद तहसीलदार न्यायालय ने पटवारी प्रतिवेदन, स्थल निरीक्षण, पंचनामा तथा राजस्व अभिलेखों की जांच कराई। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का भी लिया गया आधार

तहसीलदार न्यायालय ने अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जल निकायों के संरक्षण संबंधी दिए गए विभिन्न निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तालाब, पोखर और अन्य जल स्रोत केवल भूमि के टुकड़े नहीं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सार्वजनिक हित से जुड़े संसाधन हैं। ऐसे जल निकायों का प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखना राज्य और प्रशासन की जिम्मेदारी है। न्यायालय ने खसरा नंबर 135 (0.906 हेक्टेयर) और 136 (2.229 हेक्टेयर) पर कृषि कार्य की अनुमति संबंधी आवेदन निरस्त करते हुए निर्देश दिया है कि भूमि के मूल स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। साथ ही संबंधित हल्का पटवारी को आदेशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का भराव, निर्माण अथवा स्वरूप परिवर्तन का प्रयास होने पर तत्काल न्यायालय को अवगत कराएं।

### वर्तमान रिकॉर्ड निजी

सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में भूमि निजी स्वामित्व में दर्ज है तथा समय-समय पर उसका हस्तांतरण भी हुआ है। इसके बावजूद न्यायालय ने माना कि पुराने निस्तार अभिलेखों और राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज तालाब एवं निस्तारी स्वरूप की उपेक्षा नहीं की जा सकती। आदेश में कहा गया है कि केवल वर्तमान प्रविष्टियों के आधार पर भूमि के मूल चरित्र को समाप्त नहीं माना जा सकता, विशेषकर तब जब ऐतिहासिक अभिलेख उसके सार्वजनिक एवं निस्तारी उपयोग की पुष्टि करते हों।

### 1955 के निस्तार पत्रक में दर्ज मिला तालाब

न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 1955 के निस्तार पत्रक में तत्कालीन खसरा नंबर 113 एवं 116 ग्राम निस्तार हेतु दर्ज थे। बाद में राजस्व रिनंबरिंग के पश्चात यही भूमि वर्तमान खसरा नंबर 135 एवं 136 के रूप में दर्ज हुई। जांच के दौरान वर्ष 1969-70 के अधिकार अभिलेख का भी परीक्षण किया गया। इसमें खसरा नंबर 136 के कफियत कॉलम में स्पष्ट रूप से तालाब दर्ज पाया गया, जबकि खसरा नंबर 135 को छोटे झाड़ का जंगल, घास मद एवं तालाब पार के रूप में उल्लेखित किया गया है। न्यायालय ने माना कि ये अभिलेख भूमि के ऐतिहासिक स्वरूप को प्रमाणित करते हैं।

### रियासतकालीन इतिहास से भी जुड़ा है तालाब

इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पक्ष भी सामने आया है। स्थानीय जानकारों और पारिवारिक अभिलेखों के अनुसार विवादित तालाब खैरागढ़ रियासत काल की जल संरचनाओं में शामिल रहा है। इसका संबंध खैरागढ़ रियासत के अंतिम शासक राजा कमलनारायण सिंह के स्वसुर सूबेदार बाबू प्रकाश सिंह गहरवार के परिवार से बताया जाता है। वंशावली के अनुसार सूबेदार बाबू प्रकाश सिंह गहरवार के पुत्र बाबू युधिष्ठिर सिंह, उनके पुत्र बाबू लाल शरण सिंह तथा उनके पुत्र चक्रधर शरण सिंह हुए। इसी कारण यह प्रकरण केवल भूमि विवाद तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर और पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण से जुड़ा विषय भी माना जा रहा है। ग्रामीणों ने न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय गांवों के पारंपरिक जल स्रोतों को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे तालाब और निस्तारी भूमि संरक्षित नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट और गंभीर हो सकता है।

## वन कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** जिला वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव एवं राजनांदगांव ब्लॉक कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक बांस डिपो कौरिनभांठा में रखा गया था। बैठक में अधिकारी-कर्मचारी द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। राजनांदगांव ब्लॉक कर्मचारी संघ का भावदास साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। आगामी दिनों में प्रांताध्यक्ष की उपस्थिति में एक बड़ा कार्यक्रम कराने का निर्णय किया गया।(बैठक में जिलाध्यक्ष डुमन साहू, कोषाध्यक्ष भूषण कौशिक, उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, महामंत्री तेजराम सिन्हा, अविनाश साहू, संगठन सचिव रिंकी वैष्णव, प्रवक्ता पंकज निर्मल, कार्यकारिणी सदस्य संजय जायसवाल सहित वरिष्ठ कर्मचारी नेता विनोद मिश्रा, आजाद राय, पवन देवांगन, रवि सोनी, वाल्मीकि मिश्रा, सुरेश यादव, सुभाष साहू, रामसिंह साहू, भारती साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### तिलई मंडल की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** भाजपा के तिलई मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण एवं मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 250 से अधिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। आयोजन में संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## भाजपा अजा मोर्चा मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगडे तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय राय ने अनुसूचित जाति मोर्चा के 16 मंडलों में से प्रथम 3 मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। शेष मंडलों की सूची यथाशीघ्र जारी कर दी जाएगी।

डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष रामबिलास टेम्बुलकर, उपाध्यक्ष योगेश त्रिपुरी, दुर्गेश रामटेके, अमीत रामटेके, कृपाल टांडेकर, महामंत्री रूद्द कोरे व ललित मेश्राम, मंत्री विनय बरिये, भावेंद्र मेश्राम, पुनानंद जगने, योगेश लहरे व ईश्वर डहरे, कोषाध्यक्ष कन्हैया लहरे, सह-कोषाध्यक्ष मनीष बंजारे, मीडिया प्रभारी शशांक कोठारी, सह-मीडिया प्रभारी प्रियांसु रामटेके, सोशल मीडिया प्रभारी समीर मोहबे, सह-सोशल मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ मेश्राम, कार्यालय प्रभारी कुंदन सिरमोर, सह-कार्यालय प्रभारी गुमान खुटियारे शामिल हैं।

लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप नंदेश्वर, उपाध्यक्ष देवेन्द्र नंदेश्वर, पवन नंदेश्वर, लखनलाल बंसोड, रमेश कोंटागले, महामंत्री राजेश खोब्रागड़े, सावत नंदेश्वर, मंत्री जेठूराम धमगाये, हीरालाल बाघमारे, योगेश भैसारे, प्रकाश गंधर्व, कोषाध्यक्ष आशिष बाघमारे, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र खोब्रागड़े, सह-मीडिया प्रभारी कुंदन टेम्बुलकर, कार्यालय प्रभारी शिवप्रसाद अम्बाडे, सह-कार्यालय प्रभारी रवि नंदेश्वर को शामिल किया गया है।

इसी तरह डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष अनिल लांजेवार, उपाध्यक्ष लारेश, वामनराव कोटांगले, प्रमोद लाउत्रे, हिमांशु डकहा, महामंत्री लोकेश इंदुलकर, शैलेष मालेकर, कोषाध्यक्ष राजा साखरे, सह-कोषाध्यक्ष आदित्य करसे, मंत्री तरूण टेम्बुलकर, नितेश जाम्लुलकर, अतुल बिरहा, मुकेश लाउत्रे, विनय साखरे, ईशान नंदेश्वर, सोशल मीडिया प्रभारी रितेश गजभिये, मीडिया प्रभारी राजू गजभिये, कार्यालय प्रभारी परमानंद उके को शामिल किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा प्रारंभ से ही भाजपा के रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता रहा है। आशा है कि नवनियुक्त पदाधिकारीगण भी भाजपा की रीति-नीति सिद्धांतों को मजबूती से आम जनता के बीच रखेंगे और पार्टी को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

# नकटी में मकान तोड़े जाने पर पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रायपुर के माना स्थित ग्राम नकटी में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी एमएलए कॉलोनी के लिए 80 से अधिक गरीब परिवारों के मकान तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी आंदोलन तहत जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में टैंपो चौक पर सीएम विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुतला दहन रोकने को लेकर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी भी हुई।

कांग्रेस का आरोप है कि नकटी में बारिश के बीच करीब 85 गरीब परिवारों को बेघर कर दिया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित कई मकान भी शामिल थे, जिन्हें अवैध बताकर बिना पूर्व सूचना के ध्वस्त कर दिया गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल न्याय, पुनर्वास और मुआवजे की मांग की। इस दौरान शशिकांत पाण्डेय, संदीप सिरमौर, जीतेन्द्र सिंह गौर, दीपक देवांगन, शेखर दास वैष्णव, राम कुमार पटेल, रविंद्र सिंह, पूरन सारथी, भीखम सिन्हा, मंशाराम सिमकर, नदीम मेमन, सरजू वर्मा, अनुराग तुर्रे, मनोहर सेन, कन्हैया रजक, विनोद सिन्हा, हरिदर्सन दिमार, कोमल वर्मा, महेश यादव, अरशद हुसैन, अल्ताफ अली, यतेंद्र जीत सिंह, सूरज महिलकर, संजू सिंह चंदेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जनविरोधी कार्रवाई

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि नकटी में गरीब परिवारों के मकानों को तोड़ना पूरी तरह अमानवीय और जनविरोधी कार्रवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबों को उनका आशियाना छीनकर विकास के नाम पर अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और जब तक उन्हें न्याय, उचित पुनर्वास तथा मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

### सरकार कर रही अन्याय

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार युवाओं, किसानों और महिलाओं के साथ अन्याय कर रही है। नकटी गांव की घटना इसका ताजा उदाहरण है, जहां 85 गरीब परिवारों के मकान, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घर भी शामिल थे, बिना किसी पूर्व सूचना के अवैध बताकर बर्बर तरीके से तोड़ दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता इस कार्रवाई का जवाब आने वाले चुनाव में देगी और कांग्रेस प्रभावित ग्रामीणों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

### जनता देगी समय पर करारा जवाब

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि राज्य सरकार ने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए गरीब परिवारों को बारिश के मौसम में बेघर कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को शीघ्र न्याय, पुनर्वास और उचित मुआवजा नहीं दिया गया, तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## बांस तालाब जंगल में जुंआ खेलते 7 लोगों पर कार्रवाई

**छुईखदान।** बांस तालाब जंगल में जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बांस तालाब जंगल ग्राम खुडमुड़ी के पास कुछ व्यक्ति रुपए का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से हार-जीत का जुंआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। रेड के दौरान मौके से कुल 7 आरोपियों को जुंआ खेलते पकड़ा गया। जिनमें आरोपी कंशु जागंडे 41 साल, जीवन चेलक 44 साल, दिनेश कुमार वर्मा 38 साल, अनिल जंघेल 24 साल, लालेश्वर चंदेल 32 साल, नीलमणी कंवर 32 साल, चुर्णामनी 41 साल को पकड़ा गया। आरोपियों के फड़ एवं कब्जे से कुल 4,580 नगद तथा 52 पत्ती ताश जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2), छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

## सुविधा केंद्र का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से मिलेगी आधुनिक सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अवेली में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू व जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा मौजूद थे।

अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय स्वागत सम्मान बाद भूमिपूजन की विधि संपन्न कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार की विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

इस केंद्र के बन जाने से ग्रामवासियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में विकसित भारत जी राम जी योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत जल संचयन सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य कराए जाएंगे। साथ ही इस योजना के माध्यम से मजदूरों को 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



### कांग्रेस ने रोक दिया था आवास निर्माण

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने गरीब परिवारों के आवास निर्माण को रोककर रखा था, लेकिन प्रदेश की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के गठन के बाद राज्य सरकार ने 18 लाख लंबित प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे गरीब परिवारों का पक्का घर बन रहा है।

### विकास के लिए हरसंभव प्रयास

कार्यक्रम अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्यों से गांवों की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीणों को शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान जनपद सदस्य खेमराज जैन, डॉ चंदू वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, दिलेश्वर यदु, दुर्गा बाई सेन, खोमलाल साहू, धनीराम साहू, डोरेलाल साहू, नरेंद्र सेन, राजेश्वरी साहू, आदर्श बहादुर सिंह, सौरभ साहू, रविन्द्र वर्मा, टोमेश साहू, चिंताराम वर्मा, कमलेश साहू, दानिराम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं के दम पर सशक्त होगा विकसित भारत का संकल्प : विक्रांत

## सलोनी शक्ति केन्द्र में भाजपा की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के अवेली में भारतीय जनता पार्टी सलोनी शक्तिकेंद्र की बैठक हुई। मुख्य वक्ता जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसकी मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर भाजपा की सरकार है, जो अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती हैं।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है और इसमें कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाएं और आमजन को इनसे जोडऩे का कार्य करें।

मुख्य वक्ता विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग संगठन को मजबूत करने और योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी है। कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

### बूथ स्तर पर पहुंचाए योजनाएं

कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर पार्टी की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देने का संकल्प लिया और संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडऩे के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। बैठक पश्चात विक्रांत सिंह ने अवेली के हाट बाजार का निरीक्षण किया और स्थानीय विक्रेताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

### नेताओं की रही उपस्थिति

बैठक मे जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, जनपद पंचायत सदस्य खेमराज जैन, डॉ. चंदू वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, दिलेश्वर यदु, दुर्गा बाई सेन, खोमलाल साहू, धनीराम साहू, डोरेलाल साहू, राजेश्वरी साहू, आदर्श बहादुर सिंह, सौरभ साहू, रविन्द्र वर्मा, टोमेश साहू, चिंताराम वर्मा, कमलेश साहू, दानीराम पटेल बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की।

## सार समाचार

### लालबाग में संत समागम आयोजित



**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग में 2 जुलाई को निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन संयोजक स्तर पर किया गया। इस अवसर पर खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, दल्लीराजहरा, रायपुर एवं राजनांदगांव की बहनों ने महिलाओं को पुरूषों के बराबर देश-दुनिया में आगे बढ़ने अत्याधिक प्रोत्साहित किया। बहनों ने सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के प्रवचनों को अमल में लाने विचार गीत, भजन एवं कविताओं का सहयोग लिया। इस अवसर पर रायपुर से पधारी बहन विन्नी कपुर शर्मा ने बताया कि जिसके जीवन में परम पिता परमात्मा का अहसास नहीं होता, उनका जीवन नर्क के समान होता है। बहन ने बताया कि प्रभु परमात्मा ने इस सुंदर ब्रम्हाण्ड की रचना की तथा इसको सुंदर बनाने स्त्री जाति की रचना की। संत निरंकारी मंडल के संयोजक रूपलाल राजवानी के अथक प्रयासों से निरंकारी महिला संत समागम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

### अखंड ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने किया सम्मान



**राजनांदगांव।** एक जुलाई डॉक्टर्स दिवस एवं सीए दिवस के अवसर पर प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज, महिला मंडल ने डॉक्टर्स एवं सीए का सम्मान किया। महिला मंडल अध्यक्ष ममता अवस्थी के नेतृत्व में सम्मान की एक अलग परंपरा को जन्म देते डॉक्टर्स तथा सीए के सम्मान के लिए खुद उनके निवास तक पहुंचा और उनकी भूमिका को सर्वोकृष्ट मानते उन्हें सम्मानित किया। अखंड ब्राह्मण समाज की संरक्षिका शारदा तिवारी, अध्यक्ष ममता अवस्थी तथा सचिव निधि बाजपेई ने अनुपम उदाहरण पेश करते सम्मान की परंपरा को नया अमलीजामा पहनाया। सम्मान के लिए कोई भी संस्था आयोजन कर सम्मानित होने वालों को आयोजन स्थल पर आमंत्रित करती है। अखंड ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने इसमें ऐतिहासिक बदलाव करते सम्मानितों को न बुलाकर खुद उनके निवास में जाकर उन्हें सम्मानित किया। महिला मंडल ने वरिष्ठ चिकित्सक एएस दीक्षित को उनके घर पर सम्मानित करने के साथ ही डॉ. साधना तिवारी, डॉ. दीपिका खंडेलवाल तथा सीए टीना खंडेलवाल को भी उनके निज निवास पर सम्मान प्रदान किया।

### नवनियुक्त एल्डरमैन ने महापौर से की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के विभागीय आदेश द्वारा दुर्ग संभाग अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों के लिए नामांकित पार्षदों का मनोनयन किया गया है। इसी आदेश द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत स्थित नगर पालिक निगम राजनांदगांव में 8 नामांकित पार्षदों (एल्डरमैन) को मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त एल्डरमैन ने शुक्रवार को महापौर मुधसूदन यादव से निज निवास में जाकर उनसे सौजन्य भेंट की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर ने नामांकित पार्षदों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर, फूलमाला पहनाकर बधाई दी। नामांकित पार्षदों में नागेश यदु, करूणा राजपूत, हर्ष रामटेके, सूर्यकांत श्रीवास, मंजू यादव, भीषम देवांगन, कृति बोरकर, देवाशीष झा को महापौर ने बधाई देते कहा कि आपकी पूर्व जनसेवा एवं पार्टी के प्रति समर्पण, त्याग एवं निष्ठा की भावना को दृष्टिगत रखते आपको नामांकित पार्षद के रूप में मनोनीत कर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रांतीय कार्यकारिणी में नांदगांव को मिला प्रतिनिधित्व



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई) द्वारा जारी नियुक्ति-पत्र के अनुसार राजनांदगांव जिले के समाजसेवियों को प्रांतीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। संगठन ने समाजहित एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया है। अभा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा सुशील अग्रवाल को राजनांदगांव जिला अध्यक्ष तथा अशोक सिंघल को राजनांदगांव जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते कहा कि सक्रियता, समर्पण एवं संगठनात्मक क्षमता के बल पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक कार्यों को नई गति प्राप्त होगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़, उमेश अग्रवाल राजनांदगांव, प्रदेश मंत्री लोकेश अग्रवाल राजनांदगांव, कार्यकारिणी सदस्य पवन सिंघानिया गंडई, महेंद्र अग्रवाल डोंगरगढ़, अशोक अग्रवाल राजनांदगांव, विनोद अग्रवाल आसरा, योगेश अग्रवाल डोंगरगढ़, भावेश अग्रवाल राजनांदगांव, नितिश अग्रवाल राजनांदगांव शामिल हैं।

## कार्यकर्ताओं ने की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

# कांग्रेस ने फूंका पुतला: नकटी गांव में तोड़फोड़ का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजधानी रायपुर के नकटी गांव में लोगों के घरों को तोड़े जाने के मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। लोगों के घरों को तोड़कर उन्हें बेघर करने के मामले में कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया और साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रायपुर जिले के नकटी गांव में लगभग 70-80 परिवारों के घरों को तोड़े जाने के मामले में कांग्रेस ने प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार को घेरा है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस पुतला दहन के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक छन्नी साहू, विपिन यादव, मामराज अग्रवाल, कुलबीर सिंह छाबड़ा, संतोष पिल्ले, रमेश डाकलिया, मूलचंद लोधी, भागवत साहू, पदम कोठारी, महेंद्र यादव, सूर्यकांत जैन, अनीस खान, झम्मन देवांगन, विशु आजमानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।




### दो स्थानों पर प्रदर्शन

कांग्रेस कमेटी द्वारा दो स्थानों पर मुख्यमंत्री के पुतला दहन की तैयारी की गई थी। शहर के मानव मंदिर चौक के समीप कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया। वहीं इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जयस्तंभ चौक पर पहुंचे और यहां पुलिस को चकमा देते मुख्यमंत्री का पुतला जला दिया।

### मुआवजा और जमीन वापस देने मांग

पुतला दहन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हमेशा गरीबों का आशियाना तोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि नकटी गांव में रात के वक्त लोगों के घरों को तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की संवेदनाएं मर चुकी है। आज बरसते पानी में प्रभावित लोग अपने टूटे घरों के पास बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि घरों को तोड़ने के बाद जहां मकान दिए गए हैं, वह रहने योग्य नहीं है। सभी प्रभावितों को उचित मुआवजा और जमीन वापस दी जाए।

## वादा खिलाफी पर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

विद्युत कंपनी प्रबंधन के वादा खिलाफी के विरोध में कर्मचारी हितैषी बहुप्रतिक्षित मांग पुरानी पेंशन बहाली, संविदा नियमितीकरण, नियमित भर्ती, रिस्ट्रक्चरिंग, पदोन्नति, अंतरिम राहत, आउटसोर्स कर्मचारियों के अकाउंट में वेतन भुगतान और नियमित भर्ती में प्राथमिकता आदि मांगों के संबंध में द्वितीय चरण के तहत 3 जुलाई को महासंघ प्रांतीय संयुक्त महामंत्री शिवेंद्र दुबे, दुर्ग क्षेत्रीय संयुक्त सचिव किशोर चंद्राकर, दुर्ग क्षेत्रीय सह-कोषाध्यक्ष देवकुमार साहू तथा दुर्ग क्षेत्रीय सदस्य प्रवीण वर्मा और प्रांतीय मंत्री लाखन सिंह कुशवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र देवांगन द्वारा अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजनांदगाव क्षेत्र मंगल तिर्की को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जयश्री लोन्हारे, हुलेश्वरी मंडावी, लीना साहू, प्रशांत कड़व, सुनील देवांगन, ममता खैरपांडे, अभिषेक नायडू, सचिन खोब्रागड़े, मोरेश्वर साहू, खेमचंद धनकर, अश्विनी धीवर, प्रवेश शर्मा, प्रिंसु भुआर्य, सुनील नायक, अखिलेश राजपूत, अभिषेक साहू, पुरषोत्तम चंद्रवंशी, रमेश मेश्राम, आरती देशलहरे, बरखा खांडे, तेजप्रताप साहू, भुवन जंघेल, योगेश लिल्होरे, पंकज नेताम, अपर्णा कांडे, हेमंत मेश्राम उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के पूर्व प्रशासनिक भवन राजनांदगांव में आमसभा कर साथियों को 10 जुलाई को डंगनिया मुख्यालय रायपुर आने का आह्वान किया गया। मांग पूरी नहीं होने पर 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने निर्णय लिया गया।






## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों के बीच विश्वास, सहयोग एवं आत्मीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना गातापार क्षेत्र के ग्राम टेमरी नवागांव में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीणों, युवाओं एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, रक्षित निरीक्षक के. देव राजू एवं थाना प्रभारी गातापार उप निरीक्षक राजकुमार महिलांगे सहित पुलिस अधिकारियों का ग्रामीणों ने पुष्पहार एवं पारंपरिक सम्मान के माध्यम से अभिनंदन किया।

### आठ टीमों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद खैरागढ़ की टीम विजेता रही। जबकि गाड़ाघाट की टीम उपविजेता और ग्राम लिमऊटोला की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद पुरस्कार, मोमेंटो, बैग एवं अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### छाते व बैग का वितरण

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को दैनिक उपयोग के लिए वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते छाते तथा बैग वितरित किए गए। उपरोक्त सामग्री प्राप्त कर ग्रामीणों एवं बच्चों ने प्रसन्नता व्यक्त करते पुलिस के प्रति आभार जताया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फाइनल मुकाबले के सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### पुलिस पहल की सराहना

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि पुलिस एवं स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास, सहयोग और सकारात्मक संवाद को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच का विकास करते हैं तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में ग्राम टेमरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम पटेल, महिलाएं, पुरूष, युवा एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने केसीजी पुलिस की इस पहल की सराहना करते इसे समाज में विश्वास, सद्भाव एवं सहभागिता को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## चाकू से हमला, जीजा गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** घर में घुसकर अपने साला को चाकू से हमला करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जुलाई को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बहन की शादी वर्ष 2018 में रूआबांधा भिलाई जिला दुर्ग निवासी राजेन्द्र बेनसा के साथ हुई है। राजेन्द्र बेनसा आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करने से अपने मायके में आकर रह रही है और न्यायालय में तलाक का मामला चल रहा है। रात्रि में वह अपने बुआ के लड़के आशीष शेंडे के साथ अपने घर के ऊपर वाले कमरे में सोया था। रात्रि करीबन साढे 3 बजे उसका जीजा राजेन्द्र बेनसा बाजू घर की छत से होकर इसके कमरे में आकर धारदार चाकूनुमा वस्तु से इसके बांये घुटने पर वार कर चोंट पहुंचाया। उसके द्वारा जोर से चिल्लाने पर बगल में सो रहा आशीष शेंडे जाग गया, बीच-बचाव करने पर गाली-गलौज व जाने से मारने की धमकी देकर भाग गया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### धारदार चाकू जब्त

इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपी राजेन्द्र बेनसा निवासी रूआबांधा भिलाई की पतासाजी कर 4 जुलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।






## सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के हाथों अत्याधुनिक प्लांट का लोकार्पण

# आंध्रप्रदेश में आईबी ग्रुप प्लांट की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के अग्रणी इंटीग्रेटेड प्रोटीन लीडर आईबी ग्रुप ने आंध्रप्रदेश के पुगुरुपल्ली में स्थापित अपने अत्याधुनिक एबिस चिकन प्रोसेसिंग प्लांट के प्री-ऑपरेशन चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने करकमलों से प्लांट के प्री-ऑपरेशन का शुभारंभ करते इसे राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 8 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) प्रदान कर उन्हें रोजगार की सौगात दी। यह पहल स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास के प्रति आईबी ग्रुप की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली, डायरेक्टर (एचआर) तनाज अजीज सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी जुनेद काजी प्रोजेक्ट हेड, अजित मनी एचआर हेड, सौरभ नागपाल ब्रायलर इंटीग्रेशन हेड, प्रतीक कुमार सेल्स हेड एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, किसानों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।



### अत्याधुनिक प्लांट : बहादुर अली

कार्यक्रम को संबोधित करते आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता मानकों तथा अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्लांट की प्रोसेसिंग क्षमता 12,000 बर्ड्स प्रति घंटा होगी। जिससे देशभर के उपभोक्ताओं तक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक चिकन प्रोटीन की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के संचालन से आंध्रप्रदेश के पोल्ट्री उद्योग को नई गति मिलेगी। स्थानीय किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा तथा बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### प्रोटीन मिशन को नई गति

ट्रेसेबल चिकन ब्रांड एबिस प्रो का उद्देश्य देशभर के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और विश्वसनीय प्रोटीन उत्पाद उपलब्ध कराना है। आंध्रप्रदेश में स्थापित यह अत्याधुनिक एबिस चिकन प्रोसेसिंग प्लांट कंपनी की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो दक्षिण भारत में आईबी ग्रुप की मजबूत होती उपस्थिति और भारत के प्रोटीन मिशन को नई गति प्रदान करेगा।

**एक्शन : तरेगांव वन परिक्षेत्र में पांच सागौन पेड़ों की अवैध कटाई का प्रयास नाकाम**

# सागौन तस्करों पर विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1.70 लाख की लकड़ी जब्त

- वन अमले की घेराबंदी देख सागौन की लकड़ी छोड़कर जंगल से फरार हुए तस्कर आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के कवर्धा परियोजना मंडल अंतर्गत तरेगांव वन परिक्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई का बड़ा प्रयास वन अमले की सतर्कता से विफल हो गया। लीलादादर बीट के संरक्षित वन क्षेत्र में अज्ञात तस्करों ने पांच सागौन के पेड़ों की कटाई कर इमारती लकड़ी निकालने की कोशिश की, लेकिन सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दी। कार्रवाई से घबराए तस्कर मौके पर ही लकड़ी छोड़कर फरार हो गए।

विभाग ने करीब 4.283 घनमीटर सागौन की इमारती लकड़ी, जिसकी अनुमानित कीमत 1.70 लाख रुपए जब्त कर ली है। वन विकास निगम के मंडल प्रबंधक सुनील कुमार के निर्देशन एवं उप मंडल प्रबंधक पीताम्बर साहू के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार 30 जून की सुबह गश्ती दल के मुख्यालय लौटने के बाद ग्राम मगरवाड़ा के ग्रामीणों से सूचना मिली कि कक्ष क्रमांक पीएफ-411 के वर्ष 1973 के सागौन रोपण क्षेत्र में अवैध कटाई की जा रही है। सूचना मिलते ही अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा श्रमिक मौके पर पहुंचे।

वन अमले की घेराबंदी होते ही आरोपी लकड़ियां छोड़कर जंगल से भाग निकले। मौके पर पांच सागौन वृक्ष कटे हुए मिले। कटाई की गई समस्त इमारती लकड़ी सुरक्षित बरामद कर बोड़ला स्थित विभागीय काष्ठागार में जमा करा दी गई। विभाग का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होने से शासन को किसी प्रकार की आर्थिक क्षति नहीं हुई। इस मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) (क) एवं 52 के तहत प्राथमिक वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मौके पर पंचनामा एवं जब्ती की कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है।

वन विकास निगम ने बताया कि परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी जागेश गोंड, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल शैलेन्द्र चंद्रा, जयप्रकाश जांगड़े एवं सुरक्षा श्रमिकों की सतर्कता से यह कार्रवाई सफल रही। विभाग अब फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सीमावर्ती गांवों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार प्रयास कर रहा है। वन विकास निगम ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और अवैध कटाई या तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**ग्रामीणों की सूचना बनी कार्रवाई की सबसे बड़ी कड़ी**

ग्रामीणों की समय पर दी गई सूचना के कारण वन विभाग अवैध कटाई स्थल तक तत्काल पहुंच सका। विभाग ने कहा है कि सूचना देने वाले जागरूक ग्रामीणों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। वन अपराध रोकने में जनसहयोग को सबसे प्रभावी माध्यम माना जा रहा है।

**संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ेगी विभागीय निगरानी**

जीरो टॉलरेंस नीति पर विभाग वन विकास निगम ने स्पष्ट किया है कि वन अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। संवेदनशील वन क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। साथ ही फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# डेढ़ किमी सड़क गड्ढों में तब्दील, जलभराव से राहगीरों व विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। भले ही यह सड़क छोटी है, लेकिन क्षेत्र के कई गांवों के लिए यह प्रमुख संपर्क मार्ग है। बरसात शुरू होने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मार्ग से अमलीमालगी, कुआंमालगी, कंझेटा, पथरी, भटरूसे, सोमनापुर सहित कई गांवों के लोग प्रतिदिन कुण्डा आने-जाने के लिए करते हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और ग्रामीणों को जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। कोलेगांव हाई स्कूल में पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को भी इस खराब सड़क के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं किसान बैंक, बाजार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए तथा कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। बरसात के मौसम में सड़क के गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सुरक्षित आवागमन करना मुश्किल हो गया है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोलेगांव-अमलीमालगी मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## विद्यार्थियों को पुस्तक, गणवेश वितरित सेवानिवृत्त प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा सम्मानित



**कवर्धा।** पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार शर्मा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकों और गणवेश का वितरण किया गया। वहीं लंबे समय तक विद्यालय में सेवाएं देने वाले प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार शर्मा को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पीटीआई लक्ष्मीनारायण चंद्राकर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और अतिथियों ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण का आधार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने, शिक्षकों का सम्मान करने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का आग्रह किया। समारोह के दौरान धर्मेंद्र कुमार शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके अनुशासन, समय प्रबंधन, विद्यालय परिसर के विकास, हरियाली के प्रति लगाव और सहज व्यवहार को प्रेरणादायी बताया गया। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को विद्यालय की अमूल्य धरोहर बताते हुए उज्जवल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश पटेल ने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था के लिए विद्यालय को 10 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम सरपंच राजकुमार जांगड़े, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, सेवानिवृत्त शिक्षक, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख रुपेश तिवारी ने किया।

**खबर संक्षेप**

**सोसायटी परिषर में पौधरोपण किया गया**



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित सेवा सहकारी सोसासटी परिषर में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर गत दिन शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष रामाधार शर्मा और समिति कर्मचारी एवं किसानों द्वारा किया गया और संकल्प लिया गया उसके बचाव देख-रेख के लिए हर समय निगरानी किए जाएंगे साथ ही साथ आने वाले समय में और अधिक मात्रा में पौधरोपण किया जाएगा। इस पौधरोपण कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, परमेश्वर साहू, ईश्वर चौहान, गंगाराम चंद्रवंशी, भोलाराम साहू, नीलमणी चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# विजय ट्रेडर्स के उर्वरक भंडारण व वितरण पर रोक, 900 बोरी खाद सीज जैसी निगरानी में

## औचक निरीक्षण में मिलीं कई अनियमितताएं, विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग कबीरधाम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग के उड़नदस्ता दल ने पाण्डातराई स्थित मेसर्स विजय ट्रेडर्स में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की है।

निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं मिलने पर प्रतिष्ठान के उर्वरक भंडारण, वितरण एवं स्थान परिवर्तन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिला कृषि अधिकारी अमित मोहंती के निर्देशन में गठित उड़नदस्ता दल ने सहायक जिला कृषि अधिकारी अखिलेश दत्त दुबे के नेतृत्व में प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान पाया गया कि संचालक द्वारा उर्वरक विक्रय से संबंधित आवश्यक अभिलेखों का समुचित संधारण नहीं किया गया था। इसके अलावा प्रतिष्ठान में उपलब्ध उर्वरक स्टॉक में भी अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के समय मांगी गई आवश्यक जानकारी और दस्तावेज भी संचालक प्रस्तुत नहीं कर सके। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के क्लॉज-28 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मेसर्स विजय ट्रेडर्स पाण्डातराई के उर्वरकों के भंडारण, वितरण तथा स्थान परिवर्तन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया।

**उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाही की जाएगी**

कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में रखी करीब 900 बोरी उर्वरक को विभागीय निगरानी में प्रतिबंधित किया गया है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि खरीफ सीजन के दौरान खाद की जमाखोरी, अनियमित विक्रय, कालाबाजारी अथवा नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर जिले भर में इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
..................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................... 2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्मतिथि.......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम......................पो..........................तहसील..........................
जिला..............................
पिन कोड.......................................मोबाईल नं. 1........................2.......................व्हाट्सअप नं.......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..........................................................
7. शैक्षणिक योगयताः-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


# उत्साह के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव, मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में शाला प्रवेशोत्सव के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद कक्षा 9वीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंकित कुमार घृतलहरे, संध्या पाटले, देवकुमार, गायत्री साहू, अंशु साहू, फूलमनी, किरण यादव, प्रीतम यादव, अभिनय सहित अन्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर अध्ययन करने और उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने आसपास के गांवों के सभी 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस दौरान कक्षा 9वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वागत और सम्मान से उत्साहित नवप्रवेशी विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, आरके साहू, सुनीता कौशिक, सरिता बखला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**निधन**

**नाथूराम साहू**



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिक नाथूराम साहू का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव सहित आसपास क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्व. नाथूराम साहू का अंतिम संस्कार ग्राम कोलेगांव स्थित मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों, परिजनों तथा आसपास क्षेत्र के लोगों ने स्व. श्री साहू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन से साहू परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार न्यायालय प्रकरण क्रमाक 08/2026
पेशी तारीख - 29/07/2026
प्रोसेस नंबर -315/2026
जयप्रकाश सोंड्रे वगैरह------------------आवेदक
बनाम
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या० वगैरह ------ ---------------------------- अनावेदकगण
बनामः - आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 29.07.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज तारीख 02 माह 07 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी ।

मुहर

**(कु. रूचिता अग्रवाल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार न्यायालय प्रकरण क्रमाक 07/2026
पेशी तारीख - 29/07/2026
प्रोसेस नंबर -........../2026
पंचराम वर्ते वगैरह ------------- आवेदकगण
बनाम
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. वगैरह ------ -----------------------अनावेदकगण
बनामः - आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 29.07.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 02 माह 07 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**(कु. रूचिता अग्रवाल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुण्डा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

**सूचना नोटिस**

रा.प्र.क्र. 202506081300012 / अ- 27 / वर्ष 2024-25
आवेदक - मनीराम कोसले पिता रामनाथ, निवासी हटवारा पारा, मांढर, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)
**विरूद्ध**
अनावेदक - पुरूषोत्तम सिंह पिता धन्नुलाल + अन्य 05, जाति सतनामी, निवासी हटवारा पारा, मांढर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम कोसले पिता रामनाथ, जाति सतनामी, निवासी हटवारा पारा, मांढर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिवक्ता श्री आर.आई. साहू के द्वारा ग्राम लालपुर प.ह.नं. 07 तहसील कुण्डा, रा.नि.मं. मोहगॉव में स्थित ख.नं. 21/1/क, 21/5, 21/6, 350 शा.नं. 359/2 रकबा क्रमशः 0.405, 0.324, 0.283, 0.668 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उपरोक्त भूमि में से अपने हिस्से की भूमि 1/2 भाग पृथक कराके अपना हिस्सा अलग प्राप्त करना चाहता है अतएव छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रकरण में पक्षकार अना.क्रं. 01 पुरूषोत्तम सिंह पिता धन्नुलाल, जाति सतनामी, निवासी हटवारा पारा, मांढर रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं अना. क्रं. 02 किशोर कुमार पिता धन्नुलाल, जाति सतनामी, निवासी हटवारा पारा, मांढर रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) की उपस्थिति हेतु पेशी तिथि 07.07.2026 को नियत किया गया है। अतः आप उक्त पेशी तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 07.07.2026 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनॉक - 25.06.2026
पेशी दिनॉक - 07.07.2026

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**कुण्डा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**


**HEALTH TOWN**

**DR. ABHIMANYU'S**
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

**Piles Care Clinic**
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

**न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल**
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा

माँ और शिशु का विश्वास

**डॉ. सी.पी.सिंह**
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
**डॉ. नीलिमा सिंह**
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अपराध: भलपहरी बीट के जंगल में जाल बिछाकर नर चीतल का किया था शिकार

# जिले के जंगल में फिर वन्यप्राणी चीतल का शिकार, 7 आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन्यप्राणियों के शिकार और अवैध कटाई के लिए बदनाम हो चुके कबीरधाम जिले में एक बार फिर शिकारियों ने वन्यप्राणी चीतल का शिकार कर दावत उड़ाने का अपराध किया है। इस बार शिकारियों ने वन विकास निगम के अधीन जंगल में शिकार को अंजाम दिया है। हालांकि वनविकास निगम की टीम ने इस मामले में फौरी कार्यवाही करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लेकिन सवाल अपनी जगह कायम है कि, क्या जिले के जंगल और उसमें निवासरत वन्यप्राणी इतने असुरक्षित है कि कभी भी कोई भी उन्हें अपना शिकार बना सकता है? प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना परिक्षेत्र बोड़ला के भलपहरी बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ/02 के समीप जंगल में जाल बिछाकर लगभग तीन वर्षीय नर चीतल का सामूहिक शिकार करने वाले सात आरोपियों को वन विकास निगम की टीम ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

विभागीय जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने जंगल में नायलॉन की रस्सी और फंदे लगाकर चीतल को फंसाया तथा उसका शिकार कर दिया। इसके बाद मृत चीतल को भूनकर उसका मांस टुकड़ों में काटकर आपस में बांट लिया और पकाया जा रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से आरोपियों के घरों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में भलपहरी निवासी कमलेशु पटेल, श्यामलाल पटेल, सनत पटेल तथा डेहरीपथरा निवासी मनीराम बैगा, गनपत बैगा, मंगल बैगा और बिसरू बैगा शामिल हैं।

### चीतल का मांस सहित अन्य सामग्री जप्त

वन विकास निगम ने भलपहरी और डेहरीपथरा गांव के सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सभी के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वन विकास निगम की टीम ने आरोपी शिकारियों की निशानदेही पर 500 ग्राम पका हुआ चीतल का मांस, शिकार में प्रयुक्त नायलॉन की रस्सी, 3 नग कुल्हाड़ियां, स्टील के तार एवं लकड़ी से बने फंदे तथा खून से सना थैला बरामद किया है।



### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही

सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पूरी कार्रवाई मंडल प्रबंधक सुनील कुमार के निर्देशन एवं उप मंडल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्रवाई में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी नवीन कुमार कश्यप सहित वन विकास निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंडल प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध शिकार जैसी गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा गश्त और सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# फार्महाउस में जुआ खेल रहे 11 जुआरी गिरफ्तार




- जुआरियो से नगदी, मोटर साइकिल एवं मोबाइल जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम खैरबना के एक फार्म हाउस में जल रहे जुआ के एक फड़ में दबिश देकर पुलिस ने 11 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी राशि 25,700, 8 नग मोबाइल हैंडसेट, 2 मोटर सायकल तथा तास पत्ती जप्त की है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 00/2026 पंजीबद्ध कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 4 एवं 5 के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार थाना कवर्धा, एएनटीएफ और साइबर थाना की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 11 जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम खैरबनाकला स्थित राघव यादव के फार्महाउस में कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश के माध्यम से अंदर-बाहर का जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कोतवाली थाना, एएनटीएफ एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम गठित कर वैधानिक कार्यवाही के लिए रवाना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से फार्महाउस की घेराबंदी कर दबिश दी गई और मौके पर 11 व्यक्ति ताश-पत्ती के माध्यम से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पाए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे एवं जुआ फड़ से नगदी एवं ताश पट्टी तथा दो मोटरसाइकिल, 08 मोबाइल जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 00/2026 पंजीबद्ध कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 4 एवं 5 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कवर्धा कोतवाली पुलिस के अनुसार खैरबना फार्म हाउस में जुआ खेल रहे आरोपियों में मनोज साहू, पिता इंद्रजीत साहू, उम्र 42 वर्ष, ग्राम खैरबनाकला, थाना कवर्धा, लेखूराम साहू, पिता रामजी साहू, उम्र 42 वर्ष, ग्राम कांपा, थाना कवर्धा, नरसिंग साहू, पिता चेतराम साहू, उम्र 33 वर्ष, ग्राम चिमागोंदी, थाना कवर्धा, सागर साहू, पिता परसराम साहू, उम्र 24 वर्ष, ग्राम खैरबनाकला, थाना कवर्धा, दरोगा साहू, पिता सौखी साहू, उम्र 38 वर्ष, ग्राम खैरबनाकला, थाना कवर्धा, रामकुमार साहू, पिता संबल साहू, उम्र 32 वर्ष, ग्राम खैरबनाकला, थाना कवर्धा, रामकुमार साहू, पिता खेम्हू साहू, उम्र 52 वर्ष, ग्राम कांपा, थाना कवर्धा, झामलाल साहू, पिता कुंदन साहू, उम्र 34 वर्ष, ग्राम कांपा, थाना कवर्धा, जगनाथ साहू, पिता नरेश साहू, उम्र 29 वर्ष, ग्राम चिमनागोंदी, थाना कवर्धा, छन्नू साहू, पिता चौकलाल साहू, उम्र 29 वर्ष, ग्राम चिमनागोंदी, थाना कवर्धा, लोकचंद साहू, पिता दयाराम साहू, उम्र 45 वर्ष, ग्राम कांपा, थाना कवर्धा शामिल है।

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पांच जुलाई 2026 को अपरान्ह एक बजे स्थानीय राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित है। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षकों के संविलियन से पूर्व की सेवा गणना, पूर्ण पेंशन, पेंशन संबंधी न्यायालयीन मामला, पदोन्नति, क्रमोन्नति, टेट अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा, सेवापुस्तिका व सीजीपीएफ पासबुक संधरण, सेवापुस्तिका का स्थानीय संपरीक्षक तथा कोष एवं लेखा में सत्यापन, उच्च शिक्षा व अन्य सेवा हेतु अनुमति या अनापत्ति पत्र, संघीय कार्य, क्रमोन्नति या समयमान का विकल्प चयन, शनिवार शाला संचालन समय सहित अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तय किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

### पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**कवर्धा।** जिला पुलिस प्रशासन ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, पिपरिया में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ओटीपी, यूपीआई पिन और बैंक जानकारी किसी से साझा न करने, ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने, किसी भी साइबर धोखाधड़ी पर तुरंत 1930 पर कॉल करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का हमेशा उपयोग करने की समझाईश दी गई।

# शुरुआती बारिश में ही खुलने लगी विकास के दावों की पोल

## वनांचल की सड़कें बनीं मौत का सफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल क्षेत्रों में सड़क व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गर्मी के मौसम में जर्जर और गड्ढों से भरी सड़कों पर हिचकोले खाते हुए सफर करने वाले ग्रामीण अब बारिश के दिनों में अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदेश की भाजपा सरकार, स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी एवं उपेक्षा के कारण वनांचल की जीवनरेखा माने जाने वाले प्रमुख मार्ग आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंडरिया विकासखण्ड के कुई, अमेरा, कांदावानी सहित अन्य प्रमुख मार्ग वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं। इन सड़कों के निर्माण, नवीनीकरण एवं मरम्मत की मांग क्षेत्रवासी लगातार करते रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कोई ठोस पहल नहीं की। वर्षा ऋतु शुरू होने के बाद इन सड़कों की हालत और भी खराब हो गई है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन और खतरनाक हो गया है।

बारिश के कारण सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे पानी से भर गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम उठा रहे हैं। कई स्थानों पर सड़कें इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि वाहन अनियंत्रित होकर फिसल रहे हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वनांचल के अनेक संपर्क मार्ग कीचड़ से पूरी तरह पट चुके हैं।

इन मार्गों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया वाहनों से सफर करना सीधे दुर्घटना को न्यौता देने जैसा है। बारिश के दौरान स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं और किसानों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन

ग्रामीणों ने बताया कि ये मार्ग वनांचल के दर्जनों गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली जीवनरेखा हैं। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, छात्र-छात्राएं, किसान और व्यापारी इन्हीं रास्तों से आवागमन करते हैं। इसके बावजूद इन मार्गों की वर्षों से अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय विकास और सड़क निर्माण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि सरकार फिलहाल नई सड़कें नहीं बनवा पा रही है तो कम से कम संबंधित विभाग के माध्यम से सड़कों पर बने गड्ढों को भरवाकर और कीचड़ वाले हिस्सों की मरम्मत कर आवागमन योग्य बनाया जाए। उनका कहना है कि थोड़ी-सी मरम्मत भी हजारों लोगों को राहत दे सकती है और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

### सालों के इंतजार के बाद भी नहीं बनी सड़क

बीते करीब तीन साल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार और उनके नुमाईंदे क्षेत्र में विकास जो दावे कर रहे थे वर्षाकाल में उस विकास की अब पोल खोल दी है। वर्षाकाल में वनांचल ग्रामों से सड़कों की जो मौजूदा तस्वीर और स्थिति सामने आ रही है उसे देख लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर सड़क निर्माण, सड़क नवीनीकरण और सड़क मरम्मत के नाम पर बीते करीब तीन सालों में स्वीकृत किए गए करोड़ों-अरबों रूपए कहां खर्च किए गए है।

# जिपं सीईओ ने स.लोहारा के गोबर गैस प्लांटों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जनपद पंचायत स.लोहारा के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया।

इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत परखी और ग्राम पंचायतों में स्थापित गोबर गैस प्लांटों का निरीक्षण कर वेस्ट टू एनर्जी मॉडल की विस्तार से समीक्षा की। अपने निरीक्षण के दौरान उपस्थित मैदानी कर्मचारियों को सीईओ ने कहा कि गोबर गैस प्लांट प्राकृतिक ऊर्जा के क्षेत्र में गेमचेंजर होगा, जिससे गांव को सस्ते ऊर्जा की उपलब्धता होगी।

ग्राम पंचायत बिरेंद्रनगर, कुटकीपारा में चल रहे कचरा कलेक्शन, प्लास्टिक यूनिट केंद्र फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं सामुदायिक गोबर गैस प्लांटों का निरीक्षण किया।

# बारिश में भी बिजली संकट से जूझ रहे वनांचल विद्युत सब-स्टेशन के उपभोक्ता

- कही विद्युत आपूर्ति ठप तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत आने वाले कुई विद्युत सब स्टेशन की बदहाल विद्युत व्यवस्था से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता लंबे समय से परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि न तो गर्मी के मौसम में उन्हें नियमित बिजली मिल सकी और न ही अब बारिश के दिनों में विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पा रही है। लगातार बिजली गुल रहने और लो वोल्टेज की समस्या के कारण लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कुई विद्युत सब स्टेशन से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन बीते कई महीनों से यहां की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

आए दिन घंटों बिजली बंद रहने की समस्या बनी रहती है, जबकि कई गांवों में लो वोल्टेज के कारण विद्युत उपकरण भी ठीक ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। स्थिति यह है कि क्षेत्र के कई गांव पिछले कई दिनों से अंधेरे में डूबे हुए हैं। बिजली संकट का असर केवल घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं है, बल्कि पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण मोटर पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आधार कार्ड केवाईसी, ऑनलाइन सेवाएं, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य आवश्यक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार बिजली बंद होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और छोटे व्यापारियों के कामकाज पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बारिश के मौसम में बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। रात के समय अंधेरा रहने के कारण सांप, बिच्छू तथा अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है।

कई गांवों में लोगों को टॉर्च और वैकल्पिक साधनों के सहारे रात गुजारनी पड़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

### वनांचल की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि कुई विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम बदना, महिडबरा, कौआनर, कुशयारी, बाहपानी, नेउर, अमनिया, अमलीटोला, आमा टोला, बांगर, रहीदाड़, कांदावानी, घोघरा सहित अन्य कई गांवों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लंबे समय से समस्या बनी रहने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा विद्युत वितरण कंपनी से मांग की है कि कुई विद्युत सब स्टेशन की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर कर नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।



## सीएम साय के नाम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कोटवारों ने उठाई नियमितीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के बेनर तले तहसील शाखा बोड़ला, जिला कबीरधाम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार बोड़ला को अपनी ज्वलंत व मानवीय समस्याओं के निराकरण के लिए एक ज्ञापन सौंपा है।

एसोसिएशन ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र पहल नहीं की गई, तो प्रदेश के कोटवार और उनका परिवार गहरे सामाजिक व आर्थिक संकट में डूब जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कोटवार अंग्रेजी शासनकाल से ही निरंतर शासन-प्रशासन और आम जनता की बुनियादी सेवा करते आ रहे हैं। अत्यंत खेद का विषय है कि इतनी लंबी सेवा के बावजूद उन्हें आज तक नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है।

सेवानिवृत्ति या मृत्यु की स्थिति में कोटवारों को पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी शासकीय योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिलता, जिससे उन्हें वृद्धावस्था में अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन करना पड़ता है। कोटवारों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए मांग की है कि 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले अस्थाई कर्मियों की तरह उन्हें भी नियमित कर राजस्व विभाग में संविलियन किया जाए।




### कोटवारों की प्रमुख 6 सूत्रीय मांगें

कोटवार संघ ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से 6 सूत्रीय मांगे रखी है जिसमें समस्त कोटवारों को नियमित कर्मचारी घोषित कर राजस्व विभाग में संविलियन किए जाने, वर्तमान में मिल रहा पारिश्रमिक बेहद कम है, जिसे तत्काल मंहगाई के अनुपात में बढ़ाए जाने, सेवानिवृत्त कोटवार के परिवार के सदस्य को प्राथमिकता देने के नियम का पालन किए जाने तथा अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी नियुक्तियों पर रोक लगाने, कोटवारी नियुक्ति में जारी भ्रष्टाचार को तुरंत बंद कर दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने, मूल कर्तव्यों के अलावा राजस्व अधिकारियों द्वारा कराई जा रही अनावश्यक बेगारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने तथा बिना विधिवत जांच और कोटवारों का पक्ष सुने, झूठी शिकायतों के आधार पर निलंबन या पदमुक्ति की कार्रवाई नहीं किए जाने तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में नियुक्ति पर लगा प्रतिबंध हटाए जाने की मांग की गई है।

# सांसद ने विभिन्न गांव का किया दौरा विकास व निर्माण कार्यों की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम धनेलीडीह व कोसमंदा में सांसद निधि से स्वीकृत विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने ग्राम बाजार चारभाठा, अचानकपुर, वीरेंद्रनगर, रणवीरपुर व मजगांव में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों से फोन से बात कर समस्या के निराकरण के लिए निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। सभी क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। विश्व में हमारे भारत देश की अलग पहचान है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, भाजपा के जिला मंत्री राघवेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नरेश साहू, वरिष्ठ नेता ईश्वर साहू, जयप्रकाश कौशिक, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष मनोज वैष्णव, जिला कार्यालय सह प्रभारी देवा चौबे, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश पटेल, भगवानी साहू, मनोज पाण्डेय, पदाधिकारीगण, सरपंच, उपसरपंच, कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

